**प्रसार भारती**

PRASAR BHARATI

**(भारत का लोक सेवा प्रसारक)**

(INDIA'S PUBLIC SERVICE BROADCASTER)

दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ

DOORDARSHAN KENDRA: LUCKNOW

---

पत्रांकः डी.डी.के. (लख.)/कार्य प्रमुख/कैजु.एसाइमेंट/23 दिनांकः–15/06/2023

## <u>आवेदन सूचना</u>

दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ द्वारा आकस्मिक संचालक एवं रिसोर्स पर्सन के पैनल निर्माण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। इस हेतु आवेदकों को निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करना होगा। तथा चयनित आवेदकों को दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ द्वारा आकस्मिकता एवं आवश्यकता के आधार पर अनुबन्ध हेतु समय-समय पर आमंत्रित किया जायेगा।

विवरण निम्नानुसार है–

***<u>आकस्मिक संचालकों हेतु निम्नलिखित योग्यताएं होनी आवश्यक है–</u>***

1. आयु – 21 से 35 वर्ष (31 जुलाई 2023 तक) ।
2. शैक्षिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से स्नातक डिग्री।
3. पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिग्री/डिप्लोमा को वरीयता।
4. कम्प्यूटर में विशेष दक्षता।
5. आवाज़ प्रसारण के उपयुक्त होनी चाहिए।
6. हिन्दी. उर्दू व अंग्रेजी का उच्चारण दोषमुक्त एवं चेहरा फोटोजनिक होना चाहिए। (भोजपुरी एवं अवधी बोली की जानकारी होने पर भी वरीयता दी जायेगी) ।
7. फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2023 है।
8. अभ्यर्थी को लखनऊ नगर निगम की सीमा का निवासी होना अनिवार्य है ।
9. इच्छुक अभ्यर्थी अपने प्रार्थना–पत्र के साथ पोस्टकार्ड साइज का नवीनतम रंगीन फोटो तथा प्रमाणपत्रों की फोटो प्रति अवश्य संलग्न करें।

***<u>आकस्मिक रिसोर्स पर्सन हेतु निम्नलिखित योग्यताएं होनी आवश्यक है–</u>***

1. आयु – 21 से 35 वर्ष (31 जुलाई 2023 तक) ।
2. शैक्षिक योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय से स्नातक डिग्री।
3. पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिग्री/डिप्लोमा को वरीयता।
4. कम्प्यूटर में विशेष दक्षता/एडिटिंग आदि का ज्ञान/हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान

अनिवार्य।

5. फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2023 है।
6. अभ्यर्थी को लखनऊ नगर निगम की सीमा का निवासी होना चाहिए।
7. इच्छुक अभ्यर्थी अपने प्रार्थना-पत्र के साथ पोस्टकार्ड साइज का नवीनतम रंगीन फोटो तथा प्रमाणपत्रों की फोटो प्रति अवश्य संलग्न करें।

## नियम एवं शर्ते

1. यह परोक्ष या अपरोक्ष रुप से स्थायी अथवा अस्थायी रोजगार नहीं है।
2. चयनित उम्मीदवारों को दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ द्वारा आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
3. कार्यक्रम की आकस्मिकता एवं नियमानुसार एक माह में अधिकतम 07 (सात) एवं कलैण्डर वर्ष में 84 असाइन्मेंट से अधिक नहीं दिये जायेंगे। और न ही बुकिंग के लिए आपके द्वारा माँग की जायेगी।
4. आप किसी निश्चित संख्या की बुकिंग के हकदार नहीं होंगे, क्योंकि दूरदर्शन में आपके कार्य की प्रकृति आकस्मिक है।
5. दूरदर्शन को आपके द्वारा किसी अन्य संस्थान में स्थायी/अस्थायी अथवा स्वरोजगार से कोई आपत्ति नहीं होगी।
6. कार्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार आपको आमंत्रित किया जा सकता है जिसको स्वीकार और अस्वीकार करने का अनन्य अधिकार आपका होगा। किन्तु असाइन्मेंट को स्वीकार करने के बाद, आपके द्वारा स्वीकृत असाइन्मेंट को पूर्ण करने की बाध्यता होगी।
7. पैनल की एक समय अन्तराल पर समीक्षा भी की जा सकती है।
8. यह पैनल नियमित बुकिंग के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है और न ही दूरदर्शन के किसी नियमित पद के चयन के लिए कोई लाभ या अधिकार प्रदान करता है।
9. आवेदक का लखनऊ नगर निगम का निवासी होना अनिवार्य है।

## चयन की प्रक्रिया

1. चयन प्रक्रिया में उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जायेगा जो निर्धारित योग्यता धारण करते है।
2. आकस्मिक संचालकों का चयन साक्षात्कार एवं स्क्रीन टेस्ट के आधार पर किया जायेगा जबकि रिसोर्स पर्सन के चयन का आधार साक्षात्कार होगा।
3. आकस्मिक संचालक एवं रिसोर्स पर्सन के पैनल निर्माण केंद्र द्वारा गठित 'चयन समिति' द्वारा किया जायेगा।

## आवेदन कैसे करें–

योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रारुप में (संलग्नक–क) में अपनी शैक्षिक योग्यता, आयु, निवास एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र **''सेवा में, कार्यक्रम प्रमुख, दूरदर्शन केन्द्र, 24 अशोक मार्ग लखनऊ** को 15 जुलाई 2023 तक भेज सकते है।

15.06.23

कार्यक्रम प्रमुख
दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ

## प्रतिलिपि

1. अपर महानिदेशक, नार्थ जोन महानिदेशालय दिल्ली |
2. उपमहानिदेशक (तकनीकि) को इस अनुरोध के साथ कि इस आवेदन सूचना का प्रकाशन प्रसार–भारती की वेबसाइट पर कर दिया जाये।

**दूरदर्शन केंद्र लखनऊ पर आकस्मिक संचालक/रिसोर्स पर्सन हेतु आवेदन (अनुलग्नक –क )**

1.कैजुअल असाइनमेंट हेतु आवेदन–

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | आकस्मिक संचालक | |
| (ब) | रिसोर्स पर्सन | |

पासपोर्ट साइज का फोटो

2. नाम– (हिन्दी) –...........................

(अंग्रेजी) – ...........................

3. पिता का नाम...........................

4. पता (अ) (पत्राचार) –

............................................................

........................................................

पता (ब) (स्थायी) –

............................................................

........................................................

5. जन्मतिथि–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

6. मोबाइल नम्बर–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

7. ई–मेल आई.डी.–....................................

8. शैक्षिक योग्यता–

(अ)

| योग्यता | स्कूल/विश्वविद्यालय | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(ब) अन्य व्यावसायिक योग्यता

| योग्यता | स्कूल/विश्वविद्यालय | वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

9 भाषायी ज्ञान

| भाषा | बोलना | लिखना | टंकण |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | | | |
| अंग्रेजी | | | |
| अन्य | | | |

10. कार्य का अनुभव है (यदि हो) -

यदि हाँ तो विवरण-

| संस्थान | कार्य की प्रकृति | कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

11. कोई अन्य जानकारी जो उक्त असाइनमेंट से संबधित हो-

..................................................................
..........................................................

12. क्या आकाशवाणी/दूरदर्शन में पहले कभी कार्य किया है? यदि हाँ तो विवरण प्रदान करें।

13. संलग्न प्रमाणपत्रों का विवरण-

मैं एतद्वारा यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैंने उक्त वर्णित आकस्मिक असाइनमेंट के लिए सभी शर्ते एवं पात्रता सम्बन्धी सूचनाएँ सावधानीपूर्वक पढ़ी है। मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं अवगत हूँ कि उक्त असाइनमेंट के लिए मेरा चयन परोक्ष या अपरोक्ष रुप से स्थायी अथवा अस्थायी रोजगार नहीं है | दूरदर्शन मुझे लगातार अनुबंधित करने के लिए बाध्य नहीं हैं । इस सम्बन्ध में दूरदर्शन द्वारा भविष्य में मेरा कोई दावा स्वीकार न किया जाए।

दिनांकः-

आवेदक के हस्ताक्षर